6^{th} JPSC Mains - Model Paper–2

प्रश्न पत्र–V

भारतीय अर्थव्यवस्था, वैश्वीकरण और सतत् विकास

समय: 3 घंटे **पूर्णांक: 200**

भारतीय अर्थव्यवस्था, वैश्वीकरण और सतत् विकास

प्रश्न पत्र 5 खंडों में विभाजित है। खंड-I का उत्तर देना अनिवार्य है। खंड-I में कुल 20 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। खंड-II, III, IV एवं खंड-V में से प्रत्येक में दो विकल्पीय प्रश्न दिये गए हैं जिनमें अभ्यर्थियों को प्रत्येक खंड से केवल एक-एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। कुल 5 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खंड-I

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें: अंक : 40 (20 × 2)

(i) भारत में राष्ट्रीय आय का प्राक्कलन किया जाता है-
- (a) योजना आयोग द्वारा
- (b) केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा
- (c) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान द्वारा
- (d) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा

(ii) किसी दी गई अवधि के लिये एक देश की राष्ट्रीय आय-
- (a) नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी
- (b) कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी
- (c) सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी
- (d) उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी।

(iii) निम्न कारण से GNP (सकल राष्ट्रीय उत्पाद) में श्रम की भागीदारी–
- (a) मज़दूरी की तुलना में कीमतें कम हैं।
- (b) कीमत की तुलना में लाभ कम है।
- (c) लाभ की तुलना में कीमतें कम हैं।
- (d) कीमतों की तुलना में मज़दूरी कम है।

(iv) भारत में निम्न फसल उत्पादकता के कारण है/हैं–
- (a) जनसंख्या में वृद्धि
- (b) जोतों का विभाजन
- (c) प्रति हेक्टेयर कम उपज
- (d) उपरोक्त सभी

(v) हरित क्रांति के जनक हैं–
- (a) अमर्त्य सेन
- (b) नार्मन बोरलॉग
- (c) एम.एस. स्वामीनाथन
- (d) इनमें से कोई नहीं

(vi) निम्नलिखित में कौन-सा एक अप्रत्यक्ष कर है?
- (a) आयकर (b) निगम कर
- (c) संपत्ति कर (d) बिक्री कर

(vii) 2018 के मानव विकास सूचकांक में भारत का स्थान कौन-सा है?
- (a) 130 (b) 131
- (c) 132 (d) 136

(viii) उज्ज्वला योजना प्रारंभ की गई–
- (a) 4 दिसंबर, 2016 (b) 6 नवंबर, 2018
- (c) 2 अक्टूबर, 2017 (d) 4 दिसंबर, 2017

(ix) नीति आयोग का गठन कब हुआ?
- (a) 1 जनवरी, 2016 (b) 1 जनवरी, 2015
- (c) 1 जनवरी, 2014 (d) 1 जनवरी, 2017

(x) 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि थी–
- (a) 2013-2018 (b) 2016-2021
- (c) 2012-2017 (d) 2005-2010

(xi) बेरोज़गारी के कारण है/हैं–
- (a) जनसंख्या में तीव्र वृद्धि
- (b) धीमा आर्थिक विकास
- (c) संयुक्त परिवार प्रणाली
- (d) उपरोक्त सभी

(xii) अंत्योदय अन्न योजना प्रारंभ की गई–
- (a) 2000 में (b) 2001 में
- (c) 2002 में (d) 2005 में

(xiii) अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम की स्थापना कब हुई?
- (a) 1950 में (b) 1960 में
- (c) 1956 में (d) 1996 में

(xiv) विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख उद्देश्य है/हैं–
- (a) जीवन स्तर में वृद्धि करना
- (b) सतत् विकास की अवधारणा को स्वीकार करना
- (c) पर्यावरण का संरक्षण एवं उसकी सुरक्षा करना
- (d) उपरोक्त सभी

(xv) अटल पेंशन योजना कब शुरू की गई?
- (a) 2015 में (b) 2016 में
- (c) 2014 में (d) 2017 में

(xvi) भारत में उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण की शुरुआत हुई–
- (a) 1992 में (b) 1991 में
- (c) 1985 में (d) 1980 में

(xvii) दामोदर घाटी निगम की स्थापना हुई–

(a) 1945 में (b) 1950 में

(c) 1948 में (d) 1952 में

(xviii) 2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड की साक्षरता दर है-

(a) 64.41%

(b) 65.65%

(c) 63.35%

(d) 64.50%

(xix) झारखंड में धान अधिप्राप्ति योजना का मुख्य उद्देश्य है-

(a) राज्य के किसानों को धान का उचित मूल्य दिलाना

(b) राज्य के किसानों को धान उत्पादन के लिये ऋण उपलब्ध कराना

(c) राज्य के किसानों को धान की उपज के लिये उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराना

(d) इनमें से कोई नहीं

(xx) छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम बना था-

(a) 1906 में (b) 1908 में

(c) 1949 में (d) 1850 में

खंड-II

भारतीय अर्थव्यवस्था की मौलिक विशेषताएँ

2. **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) लोक वित्त की प्रकृति, महत्त्व एवं क्षेत्र को स्पष्ट कीजिये।

(b) राजकोषीय नीति की अवधारणा एवं भूमिका को बताइये।

या

(a) केंद्र-राज्य वित्तीय संबंध को स्पष्ट करते हुए वित्त आयोग की भूमिका को भी बताइये।

(b) राष्ट्रीय आय की प्रारंभिक अवधारणा एवं इसकी गणना की विधियों का उल्लेख कीजिये।

खंड-III

सतत् विकास, आर्थिक मुद्दे और भारत विकास की रणनीति

3. **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) सतत् विकास की अवधारणा और संकेतक को स्पष्ट कीजिये।

(b) भारत में खाद्यान्न उत्पादन और उपभोग की प्रवृत्ति को बताइये।

या

(a) समावेशी विकास के अर्थ को स्पष्ट कीजिये। 11वीं और 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इसकी विकास नीति एवं रूपरेखा क्या थी?

(b) अर्थव्यवस्था के विकास में विदेशी पूंजी तथा तकनीक की भूमिका का वर्णन कीजिये।

खंड-IV

आर्थिक सुधारों का स्वरूप तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रभाव

4. **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) भारतीय अर्थव्यवस्था पर आईएमएफ, विश्व बैंक एवं विश्व व्यापार संगठन की भूमिका की चर्चा कीजिये।

(b) भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की नीति का उल्लेख कीजिये।

या

(a) सुधार युग के उपरांत भारत के औद्योगिकीकरण में सार्वजनिक उद्यमों की भूमिका का वर्णन कीजिये।

(b) वित्तीय समावेशन का वर्णन कीजिये।

खंड-V

झारखंड की अर्थव्यवस्था, विशेषताएँ, मुद्दे, चुनौतियाँ एवं रणनीतियाँ

5. **अंक : 40 (40 × 1)**

(a) झारखंड की औद्योगिक नीति एवं विकास को स्पष्ट कीजिये।

(b) झारखंड में भूमि, वन और पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों की चर्चा कीजिये।

या

(a) झारखंड की अर्थव्यवस्था में विकास के स्वरूप को स्पष्ट कीजिये।

(b) झारखंड में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की स्थिति का जायज़ा लेते हुए स्पष्ट कीजिये कि इन क्षेत्रों में झारखंड की नीति कहाँ तक सफल हुई?